उन्नाव पुलिस

सराहनीय कार्य
थाना अजगैन, जनपद उन्नाव

दिनाँक 29.11.2022

# हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त को आलाकत्ल एक कुल्हाड़ी बरामद कर किया गया गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय हसनगंज के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजगैन पुलिस एवं एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना अजगैन क्षेत्रांतर्गत ग्राम पुराना खेड़ा में दिनांक 17.11.2022 को एक व्यक्ति की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्या करने वाले अभियुक्त को मय आलाकत्ल एक अदद कुल्हाड़ी बरामद कर गिरफ्तार किया गया।




**संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 17.11.2022 की रात्रि में ग्राम पुराना खेडा मे अज्ञात व्यक्ति द्वारा तालाब की रखवाली करने वाले (महेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 सूर्यपाल) की हत्या किये जाने के सम्बन्ध में थाना अजगैन पर मु0अ0सं0 447/22 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया था। जिसका सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आये अभियुक्त ओम प्रकाश उर्फ प्रकाश पुत्र स्व0 मंगल निवासी पुरानाखेड़ा मजरा सधीरा थाना अजगैन जिला उन्नाव उम्र करीब 35 वर्ष को दिनांक 28.11.2022 को प्र0नि0 श्री विनोद कुमार मिश्रा व उ0नि0 श्री जिब्राइल शेख मय हमराह फोर्स एवं एसओजी प्रभारी श्री प्रदीप कुमार मय एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम सधीरा देशी शराब ठेका के आगे जलालपुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशादेही से आलाकत्ल एक अदद कुल्हाड़ी बरामद की गई है।

प्रकाश में आये अभि0 ओम प्रकाश उर्फ प्रकाश पुत्र स्व0 मंगल निवासी पुरानाखेडा मजरा सधीरा थाना अजगैन जिला उन्नाव को थाने लाकरल पूंछताछ की गयी तो उसने बताया कि मैंने मृतक महेन्द्र सिंह से 10 हजार रुपये ब्याज में लिये थे, जिसमें मूलधन वापस कर दिया था तथा ब्याज के पैसे 3500 रु0 देने शेष थे। जिस कारण मृतक महेन्द्र सिंह उपरोक्त रोज शराब के नशे में मेरे घर आकर मुझे तथा मेरे परिवार वालों को गन्दी गन्दी गालियाँ दिया करता था,

जिससे मुझे शर्मिन्दगी व घुटन महसूस होती थी। जिस कारण मैने दिनांक 17/18.11.22 को गाँव के ही दुर्गेश की दुकान से अपने पैरा बेचने की उधारी के पैसे लिये और ठेके की दुकान पर जाकर तीन पऊवा शराब के लेकर आया, जिसमें दो पौवा महेन्द्र सिंह को पिलाये व 01 पौवा मैने स्वयं पिया, फिर मैं अपने घर वापस चला गया। रात्रि में करीब 12 से 01 बजे के बीच मेरी आँख खुली , मुझे पुनः घुटन होने लगी , जिसके बाद मैं उठा और कुल्हाड़ी लेकर महेन्द्र सिंह के घर गया , महेन्द्र सिंह बाहर मडैय्या में सो रहा था मैं नशे व घुटन के कारण कुल्हाड़ी लेकर उसके चेहरे पर कई बार वार किया फिर मैं वहाँ से कुल्हाडी लेकर गाँव के ही गोकुल के खेत में जाकर गाड़ दिया था ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1. ओम प्रकाश उर्फ प्रकाश पुत्र स्व0 मंगल निवासी पुरानाखेडा मजरा सधीरा थाना अजगैन जिला उन्नाव उम्र करीब 35 वर्ष ।

**बरामदगी-**

1. आलाकत्ल एक अदद कुल्हाड़ी

**आपराधिक इतिहास ---**

1.मु0अ0स0 127/16 धारा 394/411/413 भादवि कोतवाली हैदरगढ जिला बाराबंकी
2.मु0अ0सं0 208/16 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवा0 अधि01995 कोतवाली हैदरगढ जिला बाराबंकी

**गिरफ्तार करने वाली अजगैन पुलिस टीम**

1. प्र0नि0 विनोद कुमार मिश्रा
2. उ0नि0 जिब्राइल शेख
3. का0 अर्पित कुमार
4. का0 नितीश यादव
5. म0का0 राखी राघव

**एसओजी टीम-**

1.प्रभारी उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार
2.उ0नि0 राजेश मिश्रा
3.का0 आशीष मिश्रा
4.का0 अंकित बैसला
5.का0 रवि कुमार
6.का0 सुनील
7.का0 कृष्ण प्रताप
8.का0चालक अमर सिंह

**सर्विलांस टीम-**

1.हे0का0 अब्दुल जब्बार
2.का0 राधेश्याम

उन्नाव पुलिस

सराहनीय कार्य

थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव

दिनाँक 29.11.2022

# तीन वाहन चोर गिरफ्तार

## चोरी की दो मोटरसाइकिल व वाहन चोरी करने के औजार बरामद

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा तीन वाहन चोरों को मय चोरी की दो मोटरसाइकिल व वाहन चोरी करने के औजार बरामद कर गिरफ्तार किया गया।




**संक्षिप्त विवरणः-** आज दिनांक 29.11.2022 को थाना कोतवाली पुलिस मय टीम के चेकिंग के दौरान कांशीराम आम सड़क से अभियुक्तगण 1.हिमांशु उर्फ माकू पुत्र राम नरेश निवासी ब्लाक नम्बर 135 म0न0-10 काशीराम कालोनी थाना कोतवाली उन्नाव उम्र 21 वर्ष 2.अशू साहू पुत्र रामू निवासी नवीन मण्डी के सामने थाना कोतवाली जिला उन्नाव उम्र 19 वर्ष 3.संजय निषाद पुत्र बालगोविन्द निषाद निवासी म0न0-10 ए ब्लाक आवास विकास कालोनी थाना दही उन्नाव व हाल निवास नवीन मण्डी के सामने थाना कोतवाली उन्नाव उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से चोरी करने के औजार बरामद किये गये कड़ाई से पूछताछ करने व सीसीटीवी फुटेज दिखाने पर अभियुक्तगणों की निशादेही पर नवीन मण्डी के पास से चोरी की दो अदद मोटर साइकिल (1. UP 32 DL 3896 सम्बन्धित मु0अ0सं 966/22 धारा 379 भादवि 2. UP 35 AB 7489 सम्बन्धित मु0अ0सं0 902/22 धारा 379 भादवि) बरामद की गयी । दौराने पूछताछ अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग आपस में संगठित होकर एक दूसरे के सहयोग से मोटर साइकिलों की चोरी करके उन्हे बेंच देते हैं तथा उनसे जो पैसा मिलता है हम आपस मे बांट लेते हैं । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 968/22 धारा 401 भा0दं0वि0 पंजीकृत किया गया है।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

1.हिमांशु उर्फ माकू पुत्र राम नरेश निवासी ब्लाक नम्बर 135 म0न0-10 काशीराम कालोनी थाना कोतवाली उन्नाव उम्र 21 वर्ष

2.अशू साहू पुत्र रामू निवासी नवीन मण्डी के सामने थाना कोतवाली जिला उन्नाव उम्र 19 वर्ष

3.संजय निषाद पुत्र बालगोविन्द निषाद निवासी म0न0-10 ए ब्लाक आवास विकास कालोनी थाना दही उन्नाव व हाल निवास नवीन मण्डी के सामने थाना कोतवाली उन्नाव उम्र 23 वर्ष

## बरामदगी-

1.दो अदद मोटर साइकिल (1. UP 32 DL 3896 सम्बन्धित मु0अ0सं 966/22 धारा 379 भादवि 2. UP 35 AB 7489 सम्बन्धित मु0अ0सं0 902/22 धारा 379 भादवि)

2.वाहन चोरी करने के औजार ( एक अदद प्लास, एक अदद पेचकस, तीन अदद चाभी )

## गिरफ्तारी करने वाली टीम-

- उ0नि0 रोहित कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी ललऊखेड़ा
- उ0नि0 संतोष कुमार राय चौकी प्रभारी अस्पताल
- का0 पंकज कुमार वर्मा
- का0 कृष्णानन्द मौर्या
- का0 अंकित जयंत
- का0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह
- का0 राजकुमार
- का0 लोकेन्द्र यादव

उन्नाव पुलिस

सराहनीय कार्य

थाना गंगाघाट, जनपद उन्नाव

दिनाँक 29.11.2022

# मोबाइल चोर गिरफ्तार, चोरी के दो मोबाइल बरामद

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

**संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 28/11/2022 को थाना स्थानीय पर वादी श्री आनन्द सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी मोहल्ला बिन्दानगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव द्वारा सूचना दी गई कि उसके जीजा का मोबाईल फोन दिनाँक 26/11/22 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया है उक्त सूचना पर मु0अ0स0- 601/2022 धारा 379 IPC पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 29.11.2022 को थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा मो0 आरिफ पुत्र मो0 वसीर नि0 मनोहर नगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव उम्र करीब 21 वर्ष को दो चोरी के मोबाइल बरामद कर रविदास नगर पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार किया गया।




**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

मो0 आरिफ पुत्र मो0 वसीर नि0 मनोहर नगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव उम्र करीब 21 बर्ष

**बरामदगी-**

1- एक अदद मोबाइल टेक्नो 2-एक अदद मोबाइल बीवो

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

- उ0नि0 श्री लाखन सिंह
- हे0का0 शिवराज सिंह
- का0 अम्बरीश